संख्या–cm-28
08/01/2023

# मुख्यमंत्री ने समाधान यात्रा कार्यक्रम के अन्तर्गत सीवान जिले की समीक्षात्मक बैठक की

पटना, 08 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में सीवान जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति के संबंध में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षात्मक बैठक की।

बैठक में सीवान जिले के विधायकगण/विधान पार्षदगण तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव शामिल हुए।

बैठक में सीवान जिले के जिलाधिकारी श्री अमित कुमार पांडे ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में विभिन्न विभागों के माध्यम से चल रही विकास योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली–नालियां, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना/कुशल युवा कार्यक्रम, सात निश्चय–1 के तहत जिले में निर्माण किए जाने वाले भवनों की स्थिति, पॉलिटेक्निक संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, मत्स्य संसाधन का विकास, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक उत्थान के लिए आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना, महादलित सामुदायिक भवन सह वर्क शेड योजना, जीविका समूह का गठन, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, अल्पसंख्यक छात्रावास योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक छात्रावास अनुदान योजना, अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास योजना (पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए), जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना (अति पिछड़ा वर्ग हेतु) सहित अन्य योजनाओं के संबंध में भी मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को और प्रचारित करें ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने के लिए लड़कों और लड़कियों को प्रोत्साहित करें। छात्रों को सरकार द्वारा मिलने वाली प्रोत्साहन राशि का भुगतान ससमय हो, इस पर विशेष ध्यान दें। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक उत्थान के लिए आवासीय विद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है और जिन विद्यालय का निर्माण कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है उसे जल्द से पूर्ण कराएं। धान अधिप्राप्ति का कार्य भी ठीक ढंग से कराएं ताकि किसानों को किसी प्रकार से

कठिनाई नहीं हो। जनप्रतिनिधियों ने जो समस्याएं रखी हैं उसपर भी ध्यान दें और उसके समाधान के लिए कार्य करें।

समीक्षा बैठक में वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री सह सीवान जिले के प्रभारी मंत्री श्री आलोक कुमार मेहता, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान, सीवान जिले के विधायकगण एवं विधान पार्षदगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, विकास आयुक्त श्री विवेक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, आयुक्त सारण प्रमंडल श्रीमती पूनम, पुलिस उप महानिरीक्षक सारण रेंज श्री विकास कुमार, जिलाधिकारी सीवान श्री अमित कुमार पांडे, पुलिस अधीक्षक सिवान, श्री शैलेश कुमार सिन्हा सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******